# अयोध्या धाम जंक्शन 240 करोड़ से निखरा

**अयोध्या, वरिष्ठ संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुनर्विकसित अयोध्या रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया और नई अमृत भारत ट्रेनों व वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कई अन्य रेलवे परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने कि वंदे भारत एवं नमो भारत के बाद नई ट्रेन श्रृंखला 'अमृत भारत' के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि पहली अमृत भारत ट्रेन अयोध्या से होकर जा रही है। उन्होंने यूपी, दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक के लोगों को आज ये ट्रेनें मिलने पर बधाई दी।

पुनर्विकसित अयोध्या रेलवे स्टेशन जिसे अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन के नाम से जाना जाता है - का पहला चरण 240 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है।

इस तीन-मंजिला आधुनिक रेलवे स्टेशन की इमारत लिफ्ट, एस्केलेटर, फूड प्लाजा, पूजा सामग्रियों की दुकानें, क्लॉक रूम, चाइल्ड केयर रूम, वेटिंग हॉल जैसी सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। यह स्टेशन भवन 'सभी के लिए सुगम' और 'आईजीबीसी प्रमाणित हरित स्टेशन भवन' होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आधुनिक अमृत भारत ट्रेनों में निहित गरीबों की सेवा की भावना पर प्रकाश डाला।




अयोध्या धाम जंक्शन शनिवार रात रंगीन रोशनी से जगमगा उठा।

उन्होंने कहा, जो लोग अक्सर अपने काम के सिलसिले में लंबी दूरी की यात्रा करते हैं और जिनकी उतनी आय नहीं है, वे भी आधुनिक सुविधाओं व आरामदायक यात्रा के हकदार हैं।

इन ट्रेनों को गरीबों के जीवन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है।

## छह नई वंदे भारत ट्रेनें भी मिली

प्रधानमंत्री ने छह नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई। इनमें श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, अमृतसर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, कोयंबटूर-बैंगलोर कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस, मैंगलोर-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस, जालना-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस और अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल हैं।